तापमान
अधिकतम 16.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 25 जनवरी 2024



11 सीएम ने करोड़ों की परियोजनाओं का वीसी से किया शिलान्यास





11 समारोह को लेकर जींद-कैथल में फुल ड्रेस रिहर्सल







खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ युवक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव खेडाखेमावती के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया।

### नकदी छीनने के मामले में तीन आरोपित दबोचे

**कैथल।** छीनाझपटी के मामलो को अंजाम देने वाले अपराधियों पर एसपी उपासना द्वारा शिकंजा कसने के आदेश दिए गए है। इस कड़ी में साकरा के पास फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों से नकदी छीनने के मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा 3 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव करोड़ा निवासी गौरव की शिकायत अनुसार वह फाइनेंस कंपनी में कार्यरत है।

### विदेश भेजने का झांसा देकर हड़पे चार लाख

**जींद।** अस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर तथा फर्जी दस्तावेज तैयार करवा चार लाख रुपये हडपने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने बाप-बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ऐंचराखुर्द निवासी सुमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सफीदों में कपड़े के दुकानदार जगदीप से काफी समय से कपडा खरीद रही है।

### मकान से नकदी, गहने और अन्य सामान चोरी

**कैथल।** प्रोफेसर कॉलोनी में एक मकान से चोर नकदी, गहने और अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कॉलोनी निवासी संदीप गोयल ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 20 से 22 के बीच अज्ञात आरोपी घर से सोना-चांदी के गहने, 12 हजार रुपये, एक एलईडी व साइकिल चोरी कर ले गए।

### पटवारियों की हड़ताल जारी, आमजन परेशान

**जींद।** दि रेवेन्यू एवं कानूनगो एसोसिएशन के आह्वान पर पटवार भवन में पटवारियों की हडताल बुधवार को भी जारी रही। पटवारियों द्वारा अपनी हडताल को 25 जनवरी तक बढाया हुआ है। आंदोलनरत पटवारियों ने साफ कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नही होती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। पटवारियों की हड़ताल से डोमिसाइल, जमीन नक्शा, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र का काम लंबित चल रहा है।

### मोबाइल छीनकर आरोपित फरार

**कैथल।** डाकघर के पास अज्ञात आरोपी एक युवक का मोबाइल छीनकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। रामनगर निवासी देव ने शहर थाना में शिकायत दी कि 23 जनवरी को शाम के समय वह डाकघर के पास से जा रहा था। वहां अज्ञात आरोपी उसका साढ़े 28 हजार रुपये कीमत का मोबाइल छीनकर ले गए।

### मकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**जींद।** शीतलपुरी कालोनी में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड कर चांदी के जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शीतलपुरी कालोनी निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर चांदी के जेवरात, पचास हजार रुपये की नगदी तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

**जींद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बुधवार को हमेटी में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर एडीसी मोहम्मद इमरान रजा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और विभाग द्वारा विभिन्न विषयों पर करवाई गई।

किलोमीटर स्कीम व परिवहन समिति की बसों से भी नही बन पाई व्यवस्था

# जींद-कैथल में रोडवेज बसों का रहा चक्काजाम

लंबे रूटों का समय हुआ मिस, यात्रियों को हुई परेशानी, रोडवेजकर्मियों ने बस अड्डा परिसर में की नारेबाजी, दिया धरना, दिनभर में चली 70 से अधिक बसें : जीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर न्याय संहिता बिल के विरोध, स्टेज कैरिज स्कीम के परमिट रद करने समेत 30 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार सुबह रोडवेज कर्मचारियों ने बसों का चक्का जाम किया। जिसके चलते यात्रियों को परेशानी हुई। सुबह के समय लंबे रूटों पर चलने वाली बसें समय पर नही चली और बसों के टाइम मिस रहे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी बस स्टैंड परिसर में तैनात रही। पुलिस कर्मचारियों ने रोडवेज कर्मचारियों से शांतिपूर्वक हड़ताल करने का आह्वान किया। सुबह चार बजे रोडवेज कर्मचारी वर्कशॉप के सामने एकत्रित हुए और मांगों को लेकर नारेबाजी कर रोष प्रकट किया। रोडवेज कर्मचरियों की हड़ताल के चलते बुधवार को सुबह चार बजकर 47 मिनट पर चंडीगढ़ के लिए पहली चली। जबकि आम दिनों में चंडीगढ़ के लिए पहली बस सुबह चार बजकर 20 मिनट पर चलती है। इसके बाद सुबह पांच बजकर दस मिनट पर चंडीगढ़, पांच बजकर 55 मिनट पर हिसार, सुबह छह बज कर 33 मिनट पर चंडीगढ़ व सुबह साढ़े साते बजे कैथल व हिसार के लिए किलोमीटर स्कीम की बस भेजी गई। अल सुबह यात्रियों की संख्या भी काफी कम रही, वहीं सुबह सात बजे के बाद से यात्रियों की संख्या बढ़ती रही। वहीं रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल का फायदा उठाते हुए रोहतक व कैथल जैसे रूट पर परमिट नहीं होने के बावजूद प्राइवेट बस चली। हालांकि रोडवेज अधिकारियों का दावा है कि दिनभर में 70 से अधिक बस चली जबकि हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि दिनभर में 15 से 20 बस ही विभिन्न रूटों पर चली, जिसमें किलोमीटर स्कीम वाली बस शामिल थी। गौरतलब है कि आम दिनों में जींद डिपो की 197 रोडवेज बस ऑनरूट रहती हैं, जिसमें किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। जिसमें एक दिन में लगभग 17 हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं, जिससे डिपो को एक दिन में दस लाख से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है। ऐसे में रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल के चलते एक ओर जहां डिपो को आर्थिक नुकसान हुआ वहीं लंबे रूट पर चलने वाले यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।


**जींद।** परिवहन समिति बसों में सीटों को लेकर मारामारी। फोटो :हरिभूमि



**जींद।** स्कीम बस में यात्रियों को बैठा कर रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि


**जींद।** चक्काजाम कर नारेबाजी करते रोडवेज कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### कर्मचारियों की मुख्य मांग

कर्मचारी महासंघ के पूर्व प्रदेश मुख्य संगठन सचिव अनूप लाठर, कर्मचारी नेता संदीप रंगा, आजाद गिल ने कहा कि न्याय संहिता बिल को रद्द करने समेत 30 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर 24 दिसंबर को रोडवेज कर्मचारियों ने करनाल में मुख्यमंत्री कैंप का घेराव किया गया था तो उस समय 10 जनवरी से पहले सांझा मोर्चा के साथ बैठक करवाने का आश्वासन मंत्री द्वारा दिया गया था। अभी तक उनके साथ बैठक नहीं हो पाई है। इसके रोष में ही उन्होंने 24 जनवरी को चक्का जाम का ऐलान किया गया था। अनूप लाठर ने कहा कि उनकी मांग है कि न्याय संहिता बिल रद किया जाएए कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, चालक व परिचालक वेतन विसंगति को दूर किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, 2016 में लगे चालकों को पक्का किया जाए। कर्मचारियों को अर्जित अवकाश दिया जाए। इन सब मांगों को लेकर ही रोडवेज कर्मचारी बुधवार को चक्का जाम कर रहे हैं। वहीं प्राइवेट बस संचालकों का कहना है कि वह अपनी बसें सुचारू रूप से चलाएंगे।

### आम दिनों की अपेक्षा कम रोडवेज बसें चली : जीएम

जींद डिपो के महाप्रबंधक कमलजीत ने बताया कि लोकल रूट पर प्राइवेट बसों के चलने से यात्रियों को थोड़ी राहत थी। वीरवार से रोडवेज कर्मचारी काम पर लौटेंगे, जिससे पहले की तरह रोडवेज परिवहन सुविधा यात्रियों को उपलब्ध हो सकेगी। बुधवार को रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल थी, जिसके चलते आम दिनों की अपेक्षा कम रोडवेज बस चल पाई। बुधवार को जींद डिपो में 70 बसों का संचालन विभिन्न रूटों पर हुआ है जिसके चलते लंबे रूट पर यात्रियों को थोड़ी बहुत परेशानी हुई।

### कैथल में रोडवेज कर्मचारियों की जमकर नारेबाजी

**कैथल।** बुधवार को रोडवेज कर्मचारी यूनियनों के चक्का जाम का कैथल में मिला जिला असर रहा। कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों ने बसों के संचालन की कमान संभाली और यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। कैथल रोडवेज डिपो की 190 बसों में से बुधवार को 120 बसों का संचालन हुआ। इसमें 23 बसें किलोमीटर स्कीम की शामिल थी। हड़ताल के कारण सुबह के समय नए बस अड्डा पर पहुंचे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जबकि बाद में बसों का संचालन शुरू होने के बाद यात्रियों को राहत मिली। बेसन की हड़ताल के दौरान डिपो में हरियाणा रोडवेज निगम के तहत कार्यरत 52 कर्मियों ने कमान संभाली। इन कर्मियों में चालक व परिचालक शामिल थे। रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल के कारण बुधवार सुबह शहर के नए बस अड्डे से कोई भी बस नहीं चली। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। यात्री बसों के लिए इधर-उधर दौड़ भाग करते रहे। चंडीगढ़ और दिल्ली जाने वाली बसों का संचालन 2 घंटे देरी से हुआ। दोपहर से पहले कैथल के बस अड्डे से बसों का संचालन शुरू हो गया। बस एक काम होने से यात्रियों की भारी भीड़ रही और उन्हें सफर करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान निजी बसें लोगों का सहारा बनी। निजी बसें अपने गंतव्य को छोड़कर लंबे रूट पर भी चली। गुहला चीका पतड़ा और पटियाला रोड पर पंजाब रोडवेज की बसों के कारण हड़ताल लगभग बे-असर रही। अलबत्ता इन बसों में यात्रियों की भारी भीड़ रही। यूनियन के नेता महाबीर संधू ने कहा कि सरकार ने उनकी मांगों पर सहमति तो जताई है, लेकिन इन्हें लागू करने के लिए कोई भी पत्र जारी नहीं किया गया है। बुधवार को रोडवेज कर्मचारी यूनियन की सांझा मोर्चा ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की है। अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो रोडवेज कर्मचारी दोबारा आंदोलन शुरू कर सकते हैं। सरकार ने उनकी छुट्टियों में कटौती की है। रूट परमिट का निजीकरण किया जा रहा है। इससे जनता को भी परेशानी होगी। यदि नियमित पदों को भरा जाएगा तो युवाओं को नौकरी मिलेगी। उनके परिवारों का पालन पोषण होगा। कौशल निगम में नौकरी से युवाओं का भविष्य तय नहीं होगा। कैथल के जीएम का दावा है कि बुधवार को रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल में असर रही। रोडवेज महाप्रबंधक अजय गर्ग का कहना है कि कैथल डिपो में बसों के संचालन को लेकर स्थिति सामान्य रही।



वहीं नरवाना, हांसीए असंधए पानीपत व गोहाना जैसे रूट पर लगभग 160 प्राइवेट बस चलती हैं।

### विक्रेता समेत दो पर धोखाधड़ी का केस

**जींद।** कृषि विभाग द्वारा लगभग बीस दिन पहले खाद बीज विक्रेता के यहां से भरे गए डीएपी के सैंपल फेल आने पर सदर थाना पुलिस ने खाद बीज विक्रेता समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, कॉपीराइट, आवश्क वस्तु कालाबाजारी निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के टीआई बालमुकंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव ललितखेड़ा निवासी किसान अमित ने कृषि विभाग को दी शिकायत में बताया था कि उसने गांव बिरौली निवासी खाद बीज विक्रेता विकास से बीपीएल कंपनी के 60 बैग डीएपी खाद के खरीदे थे। खेत में डालने पर कोई असर नही हुआ। जिससे जाहिर है कि खाद नकली है। जिसके आधार पर कृषि विभाग ने विकास की फर्म तिरूपति बालाजी बीज भंडार पर दस्तक दी।



### जन संदेश यात्रा को लेकर लोगों में भारी उत्साह : खर्ब

**जींद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा द्वारा शुरू की गई जनसंदेश यात्रा पांच फरवरी को सफीदों विधानसभा में पहुंचेंगी। जन संदेश यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व महासचिव हरिओम कौशिक पहुंचे। जहां पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से तैयारियों से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यह यात्रा असंध के रास्ते से सफीदों शहर में पहुंचेंगी। जहां पर सफीदों में पहुंचने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा का कई जगह पर स्वागत होगा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरूण खर्ब ने बताया कि जन संदेश यात्रा को लेकर लोगों में भारी उत्साह है और लोग उनका स्वागत करने के लिए पांच फरवरी का इंतजार कर रहे हैं। यात्रा को लेकर स्थानीय कांग्रेसी नेताओं से विचार विमर्श करके उनके स्वागत का पूरा शेड्यूल तैयार कर लिया गया है। जहां पर सफीदों विधानसभा में प्रवेश करते ही हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं मोटरसाइकिल व गाड़ियों के काफिले के साथ उनकी यात्रा का स्वागत करेंगे। इस दौरान उनकी जगह-जगह पर जलपान व सभाओं का आयोजन किया जाएगा।

## कलाकारों ने बिखेरे हरियाणवी संस्कृति के रंग

- सीआरएसयू में तीन दिवसीय महोत्सव में पहुंची 15 टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआरएस विश्वविद्यालय में बुधवार को तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय युवा महोत्सव शुरू हुआ। इसमें मुख्यतिथि के रूप में जुलाना विधायक अमरजीत ढांडा ने शिरकत की। इस युवा महोत्सव में 15 टीमें अलग-अलग मंचों के माध्यम से विभिन्न विधाओं के लिए प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इन विधाओं में कोरियोग्राफी, माइमए रिवाज (रिचुअल्स), पॉप सॉग हरियाणवी, एकल नृत्य हरियाणवी पुरुष, एकल नृत्य हरियाणवी महिला, संस्कृत नाटक, एकल शास्त्रीय नृत्य, सामान्य समूह गान ऑन द स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर बनाना, रंगोली बनाना और क्विज रहा। महोत्सव में पहुंची टीमों ने हरियाणवी संस्कृति के रंग बिखेरे। विधायक अमरजीत ढांडा ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हरियाणा की संस्कृति की पहचान न केवल देश में अपितु विदेशों में भी बन रही है। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा यह सांस्कृतिक कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुंदर अवसर प्रदान करेगा और उनमें सामंजस्य बनाने की भावना का भी विकास करता है। कार्यक्त्रम के मुख्य संरक्षक कुलपति डा. रणपाल सिंह ने कहा कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्रों को एक साथ आने का मौका देना हैए जिससे वे अपनी विभिन्न प्रतिभाओं को प्रदर्शित कर सकें। प्रतिभागियों को कलाए साहित्य, संगीत, नृत्य आदि के क्षेत्रों में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ेगा। कार्यक्रम की संरक्षिका कुलसचिव प्रोण लवलीन मोहन ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा मानवीय मूल्यों को बढ़ावा मिलता है, जो मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है।


**जींद।** आयोजित युवा महोत्सव का शुभारंभ करते विधायक अमरजीत ढांडा।


**उचाना।** एसडीएम गुलजार को ज्ञापन देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

**उचाना।** हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ के जिला कार्यकारी प्रधान बंसीधर की अगुवाई में अपनी मांगों को लेकर सीएम प्रधान सचिव राजेश खुल्लर के नाम एसडीएम गुलजार मलिक के माध्यम से मांगों का ज्ञापन भेजा गया। बंसीधर ने बताया कि हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ पिछले काफी दिनों से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत है। आंदोलन के दौरान सरकार की तरफ से कई दौर की मीटिंग प्रतिनिधि मंडल के साथ हुई लेकिन आज तक संघ द्वारा उठाई गई मांगों का कोई समाधान नहीं हुआ। मुख्य प्रधान सचिव की अध्यक्षता में भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ 19 जनवरी को हुई बैठक में लिए गए निर्णयों में डीआईटीएस के केंद्रीयकरण पद सर्जित, वेतनमान में बढ़ोतरी की मांग शामिल थी। जिस पर सीएम प्रधान सचिव राजेश खुल्लर द्वारा डीआईटीएस की मांगों को लेकर प्राप्त की गई रिपोर्ट का अवलोकन करने के लिए बैठक का आश्वासन दिया गया था लेकिन अभी तक कोई बैठक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द बैठक करके कर्मचारियों की मांगों का समाधान किया जाए क्योंकि काफी समय से कर्मचारियों की जो स्थिति पहले थी वो जस की तस है।

## स्काईलार्क समूह का सम्मान

- समूह 40 वर्ष से एनिमल फीड के क्षेत्र में सफलतापूर्वक सेवाएं दे रहा : राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

योगी सरकार ने बुधवार को यूपी दिवस के मौके पर प्रदेश के सफल उद्यमी स्काईलार्क समूह को सम्मानित किया। एटा के राजकीय कृषि एवं औद्योगिक विकास पार्क में आयोजित समारोह में डीएम प्रेम रंजन सिंह ने कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी राहुल मिश्रा को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्काईलार्क समूह मुर्गी दाना पशु आहार बनाने वाली अंतरराष्ट्रीय कंपनी है और इसने उत्तर प्रदेश के एटा, अमेठी व प्रयागराज जिले में व्यापार प्रसार करने के लिए बड़ा निवेश किया है। इस निवेश से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करीब 500 युवाओं को रोजगार मिलेगा। राहुल मिश्रा ने बताया कि स्काईलार्क समूह इस सम्मान के लिए योगी सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता है। राहुल मिश्रा ने कहा कि कृषि के बाद एमएसएमई सेक्टर सबसे अधिक रोजगार सृजित करता है और योगी सरकार इस सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। स्काईलार्क समूह भी योगी सरकार के इन्ही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर में करोड़ों का निवेश कर रही है। उन्होने कहा कि वर्तमान सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम निवेश मित्र पोर्टल से भ्रष्टाचार को खत्म किया और सख्त कानून व्यवस्था से सुरक्षा का माहौल दिया।


राहुल मिश्रा को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


**जींद।** आत्मरक्षा के गुर सीखते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### बालिका दिवस पर छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**जींद।** महर्षि विद्या मंदिर में बुधवार को हर्षोल्लास से राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने हेतु जागरूक करना व अपनी शक्ति व ताकत पर गर्व महसूस कर आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ ही लोगों को जागृत करना कि लड़कियां लडकों से किसी भी मामले में पीछे नही हैं बल्कि उनसे आगे निकल चुकी हैं। उन्होंने हर जगह अपना परचम फहराया है, चाहे वो खेल का मैदान हो, सीमा सुरक्षा हो या प्रशासनिक क्षेत्र हो, पहाडों की ऊंचाई हो, इसलिए हम सबको इन की सामर्थ्य व शक्ति को पहचान उचित मार्गदर्शन व माहौल देकर उनके आगे बढने के रास्ते प्रशस्त करने होगें। कार्यक्त्रम की शुरुआत प्राचार्या अनीता शर्मा द्वारा सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व पोषण संबंधित भेदभाव न हो, नकारात्मक सांस्कृतिक समाप्त हो व उनके विरुद्ध होने वाली हिंसा व शोषण समाप्त हो। सातवीं कक्षा की छात्रा पलक ने अपनी आवाज को बुलंद कर संकल्पों को दोहराया। छठी कक्षा की छात्रा जसमीत ने बालिकाओं को उसने के लिए पंख दें, उन्हें खिलने दें और आकाश में उसने दे पंक्तियों द्वारा अपने विचार व्यक्त किए।

राजकीय महिला महाविद्यालय में अंतरजिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान का समावेश: डॉ. विवेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महिला महाविद्यालय में अंतरजिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में भूगोल विभाग, भौतिक विभाग, रसायन विभाग, कंप्यूटर विभाग, मनोविज्ञान विभाग, वनस्पति विभाग व जंतु शास्त्र विभाग के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अंतरजिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय महाविद्यालय अग्रोहा के प्राचार्य डा. विवेक कुमार सैनी मुख्यअतिथि रहे। उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी के महत्व के बारे कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान का समावेश हो चुका है। महाविद्यालय के प्राचार्य जय नारायण गहलावत ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि विज्ञान हमारे अंधविश्वास और भ्रम को दूर करता है और वर्तमान की चुनौतियों का सामना करने का समाधान देता है। इस विज्ञान प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल में वनस्पति विभाग राजकीय महाविद्यालय हिसार से सतीश कुमार, भौतिक विभाग राजकीय महाविद्यालय नारनौंद से प्रवीण जैन, रसायन विभाग राजकीय महाविद्यालय आदमपुर से डा. कुलदीप, कंप्यूटर विभाग राजकीय महाविद्यालय हिसार से डा. प्रवीण डा. नुप्रिया मनोविज्ञान विभाग राजकीय महाविद्यालय नारनौंद से डा. कनुप्रिया रही।



### ये रहे परिणाम

डा. सुमिता आशरी ने बताया कि भौतिक विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय महिला महाविद्यालय जींद से श्वेता व पलक अरोड़ा की टीम प्रथम स्थान पर रही। साइकोलॉजी में अखिल व शगुन राजकीय महाविद्यालय जींद, जंतु विभाग में जैस्मिन व तमन्ना केएम कॉलेज नरवाना, वनस्पति विभाग में प्रीति व प्रीति रानी राजकीय महाविद्यालय सफीदों, भूगोल विभाग में पिंकी व साक्षी राजकीय महाविद्यालय जींद, कंप्यूटर विभाग में गौरव व कमल राजकीय महाविद्यालय सफीदों, रसायन विभाग में रविता व रिंकी एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना के मॉडल प्रथम रहे। प्रथम रहने वाले मॉडल आगे जोनल स्तर पर जाएंगे। राजकीय महिला महाविद्यालय के वनस्पति विभाग की छात्रा प्रीति को सवार्ेत्तम व्याख्याकार घोषित किया गया। इस प्रदर्शनी में नरेंद्र कुमार, अल्पना शर्मा, अजीत सिंह, आशी मित्तल, गुरदीप, इशा बंसल, डा. रमेश कुमार, 'योति सिंहमार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।


जिला प्रशिक्षण केंद्र जींद पर स्टाफ नर्स को दक्षता की ट्रेंनिग देती डा. दीक्षा यादव।

### दक्षता कार्यक्रम से आत्मविश्वास में बढ़ावा : डा. दीक्षा

**अलेवा।** जिला प्रशिक्षण केंद्र पर दक्षता कार्यक्रम के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगूरां मेडिकल आफिसर डा. दीक्षा यादव, एसएमओ सिविल अस्पताल जींद डा. मंजू, डिप्टी एनएचएम डा. अनिल ने की। इस दौरान 15 स्टाफ नसार्े को ट्रेंनिग दी गई। नगूरां मेडिकल आफिसर डा. दीक्षा यादव ने बताया कि ट्रेंनिग का मुख्य उद्धेश्य प्रसव के बाद व पूर्व मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी लाना था। डा. दीक्षा यादव ने ट्रेंनिग के दौरान स्टाफ नर्स को स्किल वृद्धि पर अच्छे तरीके से डिलीवरी करने को कहा। उन्होंने मातृ मृत्यु दर रोकने के लिए तीन मुख्य कारण बताए। उन्होंने महिलाओं को खतरों के बारे में अनभिज्ञता, ट्रांसपोर्ट में देरी एवं अस्पताल में सर्विस डिलीवरी में देरी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि जनहित ही सर्वपरि है और इसके लिए दक्षता सबसे महत्वपूर्ण होती है। दक्षता के बलबूते पर आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। यह आत्मविश्वास आगे चलकर अच्छे कार्य के लिए प्रेरित करता है।

## खबर संक्षेप

### जिला परिवेदना समिति की बैठक आज

**जींद।** जिला परिवदेना समिति की बैठक 25 को स्थानीय डीआरडीए के सभागार में होनी निश्चित हुई है। दोपहर बाद दो बजे होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता जिला परिवेदना समिति के चेयरपर्सन व प्रदेश के बिजली मंत्री रणजीत सिंह करेंगे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला परिवेदना समिति की बैठक के तुरंत बाद कॉन्डक्ट स्टेट लेवल मॉक एक्सरसाईज की बैठक होगी।

### कैथलः भाजपा प्रदेशाध्यक्ष आइजी कॉलेज में आज

**कैथल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद नायब सैनी आज 25 जनवरी को 10:00 बजे आई.जी. कॉलेज कैथल में /"नव मतदाता सम्मेलन/" मे मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने दी।

### बड़ौदा में 13-14 को होगी सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता

**उचाना।** बड़ौदा गांव में दो दिवसीय बाबा करमाई नाथ सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता 13, 14 फरवरी को आयोजित होगी। पूर्व जिला पार्षद जितेंद्र चहल, सुधीर पहलवान ने बताया कि विजेता को 1 लाख 51 हजार का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। द्वितीय को 1 लाख 11 हजार, तृतीय को 71 हजार एवं चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 51 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेस्ट रेड एवं कैचर को 51-51 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

### बिजली के अघोषित कट से लोग परेशान

**राजौंद।** नगर में लगातार बिजली के अघोषित कटों के चलते लोगों का जीना दुश्वार होकर आ गया है। आलम यह है कि सुबह जब पानी की सप्लाई का समय होता है तो कट अघोषित कट लगने शुरू हो जाते हैं। इन आधे आधे घंटे तक लगे कटों के कारण लोगों को पानी की स्पलाई से भी वंचित रहना पड़ता हैं। इस दौरान सर्दी के इस मौसम में लोगों को पानी बिजली से झूझने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### गलत मंशा से घर में घुसने पर केस दर्ज

**जींद।** श्याम नगर में घर में गलत मंशां से घुसने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। श्याम नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अल सुबह मोहल्ले का ही शिव उनके घर में गलत मंशा से घुस आया। जब उन्होंने शोर मचाया तो आरोपित फरार हो गया। पुलिस ने शिव के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र से लेकर विधानसभा स्तर पर जिला स्तर पर 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस रूप में मनाया जाएगा।

### हडवारे को बंद करवाने की मांग को लेकर धरना जारी

**जींद।** धड़ौली गोशाला में बने हडवारे को बंद करवाने व गोशाला कमेटी को भंग करवाने की मांग को लेकर लघु सचिवालय के बाहर गोभक्तों का धरना बुधवार को भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता जगतानंद महाराज ने की। जगतानंद महाराज ने कहा कि जब तक सरकार गौचरण भूमि व गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की घोषणा नहीं करती, तब तक सचिवालय के बाहर अनशन जारी रहेगा।

### अज्ञात कार की टक्कर से दो व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव साकरा में अज्ञात कार चालक ने दो व्यक्तियों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव कौल निवासी ओमप्रकाश ने ढांड थाना में शिकायत दी कि 15 जनवरी को वह सुबह के समय अपने साथी सतीश के साथ मोटरसाइकिल पर गांव साकरा से जा रहा था। वहां मुख्य मार्ग पर अज्ञात कार चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी।

## कैथल में जिलास्तरीय कार्यक्रम में विधायक लीला राम मुख्यातिथि पहुंचे

# सीएम ने करोड़ों की परियोजनाओं का वीसी से किया शिलान्यास- उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

विधायक लीला राम ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सबका साथ-सबका विकास नीति पर विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे है। हर वर्ग का कल्याण करना सरकार का उद्देश्य है। भौतिक विकास के साथ-साथ सामाजिक व धार्मिक विकास भी किया गया है। विकास कार्य की गति रूकेगी नहीं, बल्कि बढ़ेगी और प्रदेश आगे बढ़ेगा। विधायक लीला राम ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम 5 करोड़ 92 लाख 25 हजार रुपये की धनराशि से पूंडरी अनाज मंडी में कवर्ड शेड, पूंडरी अनाज मंडी में बरसाती पानी निकासी प्रणाली के साथ सडक आदि विशेष मुरम्मत कार्य का शिलान्यास करने के दौरान बोल रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार के लाला लाजपत चिकित्सालय विश्वविद्यालय में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में करोड़ों रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं का विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शिलान्यास व उद्घाटन किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में डीसी प्रशांत पंवार आदि मौजूद रहे।

विधायक लीलाराम ने कहा कि पूंडरी अनाज मंडी में कवर्ड शेड के लिए 1 करोड़ 27 लाख 74 हजार रुपये, पूंडरी अनाज मंडी में बरसाती पानी निकासी प्रणाली के साथ सडक आदि विशेष मुरक्वमत कार्य पर 4 करोड़ 64 लाख 51 हजार रुपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि किस तरह से किसानों की आय बढ़े, इस लक्ष्य को पाने के लिए मुक्चयमंत्री मनोहर लाल प्रयासरत है। पशुपालन से लोगों को रोजगार में अहम योगदान है। सभी पशुओं की टैगिंग की गई है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गई है। पशुओं का बीमा किसान सरलता के करवा सकते है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। यह सरकार किसानों पर समर्पित है।

## जींद में विधायक डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने परियोजनाओं का किया उद्घाटन,शिलान्यास


**कैथल।** विधायक लीला राम पूंडरी अनाज मंडी में कवर्ड शेड का शिलान्यास करते।


**जींद।** परियोजनाओं का उद्घाटन करते विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मौके पर डीसी प्रशांत पंवार, सीटीएम गुरविंदर सिंह, डीडीपीओ कंवर दमन, डीआईओ दीपक खुराना, मार्केटिंग बोर्ड से कार्यकारी अभियंता डीपी नैन, एसडीओ शमशेर, रोहित कुमार, रामकुमार नैन, कुशल सैन आदि मौजूद रहे।

### बडसीकरी माइनर के बनने से किसानों को खेतों में सिंचाई करने में पूरा लाभ मिलेगा : विधायक

**जींद।** जींद के विधायक डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जिला में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसके तहत चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में टीचिंग ब्लॉक बनाया जाएगा। इस पर 60 करोड़ 22 लाख रुपये खर्च होंगे। जिसका सीधा फायदा उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले युवाओं को होगा। इसी प्रकार तीन करोड़ 29 लाख 56 हजार रुपये की राशि से तैयार हुई जींद सर्कल की बडसीकरी माईनर के बन जाने से किसानों को खेतों में सिंचाई करने में पूरा लाभ मिलेगा जिसका आज उद्घाटन किया गया है। विधायक डा. कृष्ण लाल मिढ़ा बुधवार को जिला स्तरीय उद्घाटन एवं शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले मु यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के 19 जिलों की कुल 2024 करोड़ की 153 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। हिसार के लुवास में आयोजित रा'य स्तरीय समारोह से हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। जींद के विधायक ने बुधवार को जिला को 65 करोड़ रुपये की छह परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया। वहीं जींद जिले को लगभग एक करोड़ 50 लाख 72 हजार रुपये की 4 परियोजनाओं की सौगात मिली। इसी प्रकार अमृत सरोवर योजना के तहत 52 लाख 82 हजार रुपये की लागत से नरवाना खंड के दबलैन गांव में ब्राह्मणवाला तालाब का निर्माण, सफीदों खण्ड के मुआना गांव में 31 लाख 54 हजार रुपये की लागत से फिरनी वाला तालाब, उचाना उपमंडल के कुचराना खुर्द गांव में बने तालाब पर 34 लाख छह हजार की राशि खर्च की गई है, मांडी कलां गांव के भगतवाला तालाब पर 32.30 लाख रुपये से अमृत सरोवर योजना के तहत विकास कार्य करवाया गया है। इन चार तालाबों का कायाकल्प कर सीधा फायदा ग्रामीणों को पहुंचाया गया। इस अवसर पर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर डा. रणपाल सिंह आदि मौजूद रहे।


हाबडी में तालाब सौंदर्यीकरण के कार्य का उद्घाटन करते विधायक रणधीर सिंह गोलन।

## ग्रामीण क्षेत्रों का शहरों की तर्ज पर विकासः विधायक

- हाबड़ी में तालाब का सौंदर्यीकरण के कार्य का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

विधायक रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि पुंडरी हल्के में विकास की गंगा बह रही है। समाज के सभी वर्गों को सरकार की विभिन्न विभागों की स्कीमों का लाभ प्रदान किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र को शहरी क्षेत्र की तर्ज पर चमकाने का काम किया गया है। अब गांव रात के समय लाइटों से जगमग रहते हैं। विधायक रणधीर सिंह बुधवार को गांव हाबड़ी में 75 लाख रुपये की धनराशि से अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब का सौंदर्यीकरण के कार्य का उद्घाटन करने दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण संग फतेहाबाद से वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संदेश को देखा व सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आयोजन से भारत देश का नाम पूरे विश्व में गूँज रहा है। सरकार ने गरीब लोगों की तकलीफ व समस्याओं को जाना है। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। सबका साथ सबका विकास नीति पर एक समान विकास कार्य प्रदेश में करवाए जा रहे हैं।पूंडरी हल्के में करोड़ों रुपये से विकास किया गया है। आप सभी हल्के वासियों के सहयोग से कार्य किए गए है। उन्होंने जो भी कह दिया वो करके दिखाया। हल्के की 36 बिरादरी की सेवा की है। उन्होंने पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य किया है। सर्व समाज का काम किया। जो जनता के साथ है वही सही में विधायक है। हल्के में सड़कों का जाल बिछाया गया है। सर्व समाज का काम किया। गांव हाबड़ी की बात करें तो आज अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया है। तालाब के सौंदर्यीकरण के अंतर्गत लाइट, बेंच, पौधे, पाथ, वेटलैंड बनाये गए है।

# 62 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

- गांव पिलनी में स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाई

बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नजदीकी गांव पिलनी में स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। कैंप में 62 लोगों का चैक अप किया गया। कैंप में बी पी, शुगर, एचआईवी, मलेरियां आदि का चैक किया। इस दौरान उपस्थित चिकि त्सकों ने बीमारी से बचने के बारे में बताया और योग करके किस प्रकार बीमारी से बचा सकता है, इसके बारे में भी विस्तार से बताया। कैंप में बताया कि अधिकतर रोग गलत खान पान व रहन सहन से फै लते है। सभी को अपने आस पास साफ- सफाई रखनी चाहिये। मोटा अनाज खाना चाहिये तथा हरी सब्जियों का प्रयोग करना चाहिये। शराब, धुम्रपान व नशे से बचें । तली वस्तुओं से भी अधिक तर बच कर रहे। कैंप में चिकित्सक लखजीत सिंह, सी एच ओ रविन्द्र, एल टी राजीव ढुल, एम पी एच डब्ल्यू अनिल कुमार, आशा वर्कर सवीता, आशा, कविता तथा आशा ने योगदान दिया। सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र शर्मा ने टीम का धन्यवाद किया।


**पाई।** शिविर में मरीजां की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### नौकरी लगाने के नाम पर दो युवकों से ठगी

**कैथल।** दो युवकों को कुरुक्षेत्र बिजली बोर्ड में नौकरी लगवाने के नाम पर दो आरोपियों ने हजारों रुपये ठग लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इनमें से मुख्य आरोपी कैथल एडीसी कार्यालय मे कार्यरत था और वर्ष 2012 में सरकारी राशि का गबन करते पाया गया था। आरोपी पर पहले भी कैथल में केस दर्ज है। गांव माघोमाजरी के सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार ने सदर थाना में शिकायत दी कि 10 जनवरी को सुबह इंद्रजीत नामक व्यक्ति का उसके पास फोन आया। आरोपी ने कहा कि वह एडीसी कार्यालय गुरुग्राम में कार्यरत है और पहले कैथल में कार्यरत था। उसने बीडीपीओ कैथल कार्यालय से उसका नंबर लिया है। आरोपी ने उसको कहा कि वह दो युवकों को कुरुक्षेत्र बिजली बोर्ड में नौकरी लगवा देगा। आरोपी ने इसकी एवज में उससे रुपये भी मांगे। उसने आरोपी के झांसे में आकर उसके कहे अनुसार अपने दो जानकारों को नौकरी लगवाने के लिए आठ हजार 70 रुपये रमेश नामक व्यक्ति के खाते में भिजवा दिए और साथ में युवकों के दस्तावेज भेज दिए।

# नशे के खिलाफ किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत बुधवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार व चालक संजय दत्त की टीम द्वारा पुलिस लाइन कैथल में गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल दौरान मार्च पास्ट करने वाली टुकड़ियों सहित स्कूली बच्चो व आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते बताया कि पुलिस टीम द्वारा लगातार आमजन को अवगत करवाया जा रहा है कि नशा किसी भी व्यक्ति के लिए किसी प्रकार से हितकारी नहीं हो सकता। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज हीनता की दृष्टि से देखता है। इसलिए किसी को किसी प्रकार के नशे की लत में नहीं पड़ना चाहिए। विद्यार्थी वर्ग को पढाई व खेलों में ध्यान लगाकर मेहनत करके राष्ट्र निर्माण में योगदान करना चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा नशा करना वाले व्यक्तियों की भी काउंसलिंग करवाई जा रही है। पुलिस नशा छुड़वाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नशा तस्करों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है।


नशा न करने की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि


**राजौंद।** पेड़ से टकराकर सड़क पर पलटी ट्राली को जेसीबी से निकलते।

### मिट्टी से भरी ट्राली पलटी, बाल-बाल बचा चालक

**राजौंद।** गांव किछाना कुई के नजदीक किछाना रोड पर मिट्टी से भरी ट्राली पलट गई। जिसमें चालक बाल बाल बच गया। जानकारी देते हुए कृष्ण, बाली तेजवीर ने बताया कि गांव किछाना की तरफ से आ रही मिट्टी की भरी ट्राली बजरंग भट्टे पर जा रही थी। लेकिन सामने से आ रही एक बुग्गी को बचाने के चक्कर में बैलेंस खो बैठा। इस मौके पर मौजूद किसानों ने बताया कि रोड पर कीकर के पेड़ खड़े है, जिनके चलते आए दिन रोड पर को न कोई हादसा होता रहते हैं। इस बारे बार.बार विभाग को अवगत भी करवा चुके हैं। भविष्य में और भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों संबंधित विभाग से मांग कि है की इस पेड़ को कटवाया जाए ताकि कोई बड़ा हादसा होने से बचा जा सके।

### प्ले स्कूल में मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस

**कैथल।** आज प्ले स्कूल (आंगनबाड़ी केंद्र) वार्ड नंबर 10 गुहला में महिला एवं बाल विकास सीडीपीओ गुरजीत कौर के अनुसार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से 19 से 24 जनवरी तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल, गुहला की अध्यापिकाएं शारदा, सविता शर्मा, हेमलता , अनीता ने शिरकत की। आंगनवाड़ी वर्कर सविता व बच्चों ने आए हुए मेहमानों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने नृत्य प्रतियोगिता, ड्राइंग, फैंसी ड्रेस में भाग लिया। मैडम शारदा ने बच्चों को व महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। मैडम हेमलता ने कहा कि बालिकाओं को समाज में विकास के समान अवसर और सम्मान देने के लिए यह दिन मनाते हैं । सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ मिलकर केक भी काटा और उन्हें इनाम देकर प्रोत्साहित किया ।


**कैथल।** छात्राओं को तिलक लगाती सीडीपीओ गुरजीत कौर। फोटो :हरिभूमि


**राजौंद।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### निबंध लेखन में रीतू प्रथम, द्वितीय स्थान पर कृति

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद की महिला प्रकोष्ठ कमेटी की ओर से निबंध लेखन, भाषण व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुदेश द्वारा किया गया। इन प्रतियोगिताओं के विषय महिलाओं से संबंधित रहे। इसमें लगभग 25 छात्राओं ने भाग लिया। निबंध लेखन में प्रथम स्थान रीतू बीए फाइनल, द्वितीय स्थान पूनम बीए फाइनल व तृतीय स्थान नैंसी बीए सेकंड ईयर ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान काजल बीए सेकंड, द्वितीय स्थान कुलदीप बीए सेकंड व तृतीय स्थान रीतू बीए ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान 'योति बीए, सेकंड ईयर द्वितीय स्थान कृति बीए सेकंड ईयर व तृतीय स्थान मनीषा बीए फाइनल नहीं ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका राममेहर सिंह व विक्रम ने निभाई। महाविद्यालय प्राचार्य राममेहर सिंह ने छात्राओं को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजरानी व हरिपाल ने भी अच्छी भूमिका निभाई।

### नशा तस्करी के दोषी को एक साल का कारावास

**कैथल।** एक अदालत ने नशा तस्करी के दोषी को एक साल कठोर कारावास और 11000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर एक महीने की सजा अतिरिक्त काटनी होगी। इस बारे में पुलिस ने थाना पूंडरी में एनडीपीएस और एक्साइज एक्ट की धाराओं के तहत 3 नवंबर 2016 को मुकदमा नंबर 379 दर्ज किया था। स्टेट की ओर से केस की पैरवी कर रहे डीडीए सुखदीप सिंह ने बताया कि 3 नवंबर 2016 को एएसआई जोगिन्द्र सिंह, तिलक राज, बलराज सिंह, एचसी राजेश कुमार गाड़ी सरकारी एचआर 64-3800 से चालक सिपाही जसबीर सिंह के साथ बस अड्डा बरसाना पर मौजूद थे।

**बोली सूचना**

ग्राम पंचायत देवबन जिला कैथल के वृद्धआश्राम व पशु अस्पताल की बिल्डिंग को लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) कैथल द्वारा कंडम घोषित कर दिया है। इसके अतिरिक्त 5 पंपों का कंडम सामान व 2 लोहे के कंडम जाल भी हैं। उक्त सामान की खुली बोली दिनांक 29-01-2024 को गांव के ग्राम सचिवालय में 12:00 बजे सरपंच गज्जे सिहं की अध्यक्षता में करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता समय पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकते हैं।

-सरपंच, ग्राम पंचायत, देवबन।

## कैथल में कल रणबीर गंगवा और जींद में बिजली मंत्री करेंगें ध्वजारोहण

# समारोह को लेकर जींद-कैथल में फुल ड्रेस रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को भव्य ढंग से मनाने के लिए पुलिस लाइन मैदान में अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद अश्वनी मलिक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली।

अंतिम पूर्वाभ्यास में एसपी उपासना, एसडीएम कपिल कुमार व अन्य अधिकारी शामिल रहे। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस के अंतिम पूर्वाभ्यास में सबसे पहले मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज फहराया गया। उसके बाद परेड का निरीक्षण किया गया। परेड निरीक्षण के उपरांत डीएसपी ललित यादव के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस पुरुष, जिला पुलिस महिला, होम गार्ड की प्लाटून, एनसीसी आर्मी डिविजन लडकों व लड़कियों की प्लाटून, राजकीय कन्या वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय की गर्ल्स गाईड की टुकड़ी, ऑपन स्काउट की प्लाटून तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों की प्लाटून ने शानदार मार्च पास्ट किया। अंतिम रिहर्सल में विभिन्न स्कूल के बच्चों द्वारा मास पीटी, डम्बल, व लेजियम की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद पूंडरी खंड के विभिन्न सरकारी स्कूल के बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार तथा योगा की शानदार प्रस्तुति हुई।

गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को विभिन्न स्कूल के बच्चे सांस्कृतिक प्रस्तुति भी देंगे, जिनमें सुपार्शव जैन पद्विलक स्कूल द्वारा कोरियोग्राफी, हिन्दू कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल नृत्यावली, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गीता भवन के नजदीक व जाखौली अड्डा की छात्राओं द्वारा हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति शामिल हैं।


**कैथल।** पीटी करती स्कूली छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### जींदः बच्चों ने एक से बढ़ कर देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

**जींद।** 75वां गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को स्थानीय एकलव्य स्टेडियम में गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह सुबह 9: 58 पर ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला इस अवसर पर ध्वजारोहण करेंगें और परेड का निरीक्षण करते हुए मार्च पास्ट की की सलामी लेंगे। बुधवार को फाइनल रिहर्सल हुई। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ, नगराधीश कुमारी नमिता ने फाइनल रिहर्सल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**ग्राम पंचायत कौल**
**ब्लॉक ढाण्ड, सब-तहसील ढाण्ड, जिला कैथल (हरियाणा) मो. 9896207007**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कौल खण्ड ढाण्ड में लेबर कुटेशन पर प्रजापत चौपाल का कार्य पूर्ण करना है। कार्य की राशि 5 लाख से कम है। इच्छुक सोसायटी 28.01.2024 को सांय 5 बजे तक ग्राम पंचायत कौल में पहुंचने का कष्ट करे।

सचिव, संजय वालीया
मो. नं. 8837727409

हस्ता/-सरपंच, ग्राम पंचायत कौल
मो. नं. 9896207007

# सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# शख्सियत

## नाम : डॉ. कामिनी आशरी

## आयु : 30 वर्ष

## पता : SCO-17, Urban Estate, Jind - 126102 (Hr.)

## मोबाईल : 94163-86693

## व्यवसाय : कैरियर परामर्शदाता

### लक्ष्य

युवाओं के लिये रोज़गार के नये
अवसर व शिक्षा के क्षेत्र में नये बदलाव
हर राज्य में आधुनिक शहर व किसान भाइयों को उनका अधिकार
और उनके फ़ायदे के लिये कार्य
महिलाओं को आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहन व महिलाओं
का सम्मान व पुरुष सम्मान तथा एकता व नशा मुक्त
युवा पीढ़ी को प्रेरणा व बच्चों को संस्कार
हमारी मात्र भूमि से सम्बंधित शिक्षा और बड़ों
का सम्मान करने की प्रेरणा को आगे बढ़ाना चाहती हूँ















## समाजिक कार्य

1. डॉ. कामिनी आशरी ने 8 लाख से अधिक छात्रों को मुफ्त कैरियर परामर्श सेवाएं प्रदान की और सफलता की राह पर मार्गदर्शन किया। 2. कोविड-19 महामारी के दौरान विदेशों में फसें अनेकों विधार्थियो को भारत लाने के लिए सरकार से मांग की थी एवं उन्हें वापिस लाने के लिए विभिन्न संस्थाओं एवं सगंठनों से मिलकर उन्हें भारत में वापिस भी लाया गया। 3. डॉ. कामिनी आशरी ने कोविड-19 महामारी के दौरान जरूरतमंद लोगों को मास्क, सैनीटाइजर, कोवीड-किट, भोजन और चिकित्सा के माध्यम से सेवाएं प्रदान की। इन्होंने मरीजों के लिए हिसार से ऑक्सीजन सिलिंडर रिफिल करके अस्पतालों में पहुचाएं। साथ-की-साथ इन्होने विभिन्न संस्थाओं से मिलकर उनकी बिल्डीगं को अस्थायी रुप से आई.सी.यू. में बदल कर मरीजों को बैड उपलब्ध करवाए गये। साथ ही मरीजों की सेवा के लिए अपनी गाड़ी को एम्बुलैंस के रूप में भी प्रयोग किया। 4. कामीनी आशरी ने युक्रेन युद्ध के दौरान 24000 से अधिक बच्चों को चार्टर प्लेन के माध्यम से अपनी मातृभूमि भारत वापस लेकर आई। उन्होंने सरकार का भी सहयोग किया खासकर हरियाणा, यूपी, पंजाब की सरकार को डाटा मुहैया करवाया और साथ ही में डिप्टी सी.एम. चंडीगढ़ के पर्सनल असिस्टेंट को सभी स्टूडेंट्स के एड्रेस की जानकारी दी। 5. साथ ही भारत सरकार से समय-समय पर छात्रो एवं व्यापारियों की वापसी हेतू गुहार लगायी एवं कार्य पुर्ण होने पर धन्यवाद भी किया। साथ एम.बी.बी.एस. फाईनल ईयर छात्रो को कलीनिकल प्रैक्टीस के लिए विभिन्न संस्थाओं के बात कर उन्हे वहां ज्वाइन करवाया। 3. कामिनी आशरी के मार्गदर्शन से अब तक 400 से अधिक छात्र डॉक्टर बन, देश की सेवा कर रहे है। 5. कामिनी आकरी बहुत से एनजीओ के माध्यम से जुड़ी रहकर जरूरतमंदों तक अपनी सेवाएं प्रदान करती रहती है। साथ-की-साथ यह गरीबों को भी मुफ्त इलाज प्रदान करवाने में सहायता करती है। 6. कामिनी आशरी के द्वारा डॉ. अंबेडकर के जन्म दिवस पर प्रत्येक वर्ष कंबल भी बांटे जाते हैं 7. कामिनी आशरी युवाओं को नशे की लत को छोड़ने के लिए समय-समय पर नशा मुक्ति शिविर भी लगाती रहती है। 2021 में हजारो युवाओं को नशा ना करने के लिए शपथ ग्रहण के कार्यक्रम आयोजित किये। 8. इन्होने भारत की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनकर अपने नाम की पहचान बनाई जिससे फॉक्स स्टोरी इंडिया और फॉक्स स्टोरी यूएसए ने इन्हे कई खिताबों को नवाजा गया। 9. ब्राह्मण सभा में समाज के प्रति उच्च प्रेरणा स्रोत के रूप में बढ़ चढ़कर सामाजिक कार्य किया 10. गुरू गोविन्द समिति के गुरूदारे के निमार्ण के लिए विशेष सहयोग दिया। 11. इसके एलावा कामनी आशरी जी द्वारा एक विशेष पोर्टल भी स्थापित किया गया है, इसके सभी भारतीय, जो विदेशा में रहते हैं, उनके सहायता प्रदान की जाती है। यह सेवा 24 घण्टे रहती है। 12. इसके साथ ही कामनी जी 'सेवा' के नाम एन.जी.ओ. की सदस्य है, इस संस्था की सहायता से विदेश में रहने वाले भारतीयों की सहायता की जाती है। इनके इनी सभी कार्य एवं सेवाए के लिए इन्हे विभिन्न संस्थाओं एवं प्रतिष्टित व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया जाता रहा है इनके प्रमुख है माधुरी दिक्षित, मंदीरा बेदी, अनुपम खेर जी, डी.पी.टी. स्पीकर, हरियाणा एवं केंद्रीय मंत्री व प्रतिष्ठित व्यक्ति।

## समाज सेवा

1. यूक्रेन युद्ध के दौरान हजारों छात्र-छात्राओं को विदेश से देश लाने के लिए अहम भूमिका निभाई।
2. करोना काल के दौरान जरूरतमंद लोगों की दिन-रात सेवा की।
3. किसानों की आवाज उठाने हेतु सबसे प्रथम पंक्ति में नजर आई।
4. गरीब व असहाय लोगों की मदद करने हेतु हर समय तैयार व महिलाओं की आवाज उठाने हेतु किए विशेष कार्य।
5. नि-शुल्क हवाई यात्रा नेपाल पशुपति दर्शन के लिए सैकड़ों लोगो को करवाई।

## संबंधित संगठन

डॉ. कामिनी आशरी समाज की अनेक संस्थाओं से जुड़ी हुई हैं जिनमे नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (बीएएमएस), थुराना वेलफेयर एसोसिएशन (एक विशेष सदस्य के रूप में) लाइब्रेरी चौरिटी फंड डोनेशन, डोनेशन चौरिटी फंड, रक्तदान रेडक्रास सोसाइटी के आजीवन सदस्य, सदस्य गुऊ सेवा समिति, सदस्य खाटु श्याम सेवा समिति, गुरु गोविंद सिंह समिति आदि संस्था, प्रमुख है। इसके अतिरिक्त 150 से अधिक सस्थाओं को डोनेशन दे अपना महत्वपुर्ण सहयोग देती रहती है।




































